04 स्कूटी बाइक में टक्कर, एक युवक की मौत, दो घायल



07 बेमौसम बारिश और तेज धूप के चलते फसलों को...






### बाजार में पसरा पड़ा सन्नाटा, महंगाई की वजह से बजट गड़बड़ाया

# सज गया रंगों का बाजार खुशियों पर महंगाई की मार

होली पर्व को मनाने के लिए एक ओर जहां बाजार में बच्चों को आकर्षित करने के लिए रंगों और पिचकारियों से दुकाने सज गई हैं। वहीं इस बार मंहगाई ने बच्चों के उत्साह को कम कर दिया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

होली में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। यानि दो दिन बाद 25 मार्च को होली होगी। पर्व करीब आते बाजार की रौनक बढ़ गई है। होली का रंग भी धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। रंग-गुलाल, पिचकारी, रंगीन टोपियों की दुकानें चारों तरफ सज गई हैं। बच्चे-बूढ़े-जवान सभी खरीदारी की तैयारियों में जुट गये हैं। बच्चों में अभी से विशेष उत्साह भी है। कारण कि उन्हें बाजार में अलग-अलग वेराइटी की पिचकारी व मुखौटे खरीदने की ललक है। रंगों के पर्व को लेकर सबने अपनी-अपनी तैयारी भी कर ली है। दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों में ब्रांडेड कपड़े तो किसी ने पिचकारियों का स्टॉक कर लिया है। पर बाजारों में खरीदारों की भीड़ नहीं उमड़ी है। और न तो पूर्व की तरह शहर में होली के पारंपरिक गीत सुनने को मिल रहे हैं। फिर भी होली का सुरुर शहर पर चढ़ने लगा है।

### होली के रंग पर महंगाई का असर

बढ़ती महंगाई ने होली के रंग में भंग डाल दिया है। आम आदमी त्योहार की खरीदारी से कतरा रहा है। बाजार में सन्नाटा पसरा पड़ा है। दुकानदार ग्राहकों की बाट जोह रहे हैं। सामानों की कीमतें आसमान छू रही हैं। जहां इस त्योहार के आने से एक पखवारे पूर्व से ही बाजारों में खरीदारी करने हेतु ग्राहकों की भीड़ लगी रहती थी। होली के त्योहार में मात्र चंद रोज ही शेष रह गए हैं लेकिन, बाजारों में खरीदारी करने वाले लोग नदारद हैं।

### स्वादिष्ट व्यंजनों में मंहगाई से होगा स्वाद का रस फीका

होली में पिचकारी, रंग, गुलाल, कपड़े के साथ-साथ खाने-पीने की वस्तुएं भी महंगी हो गई। होली में लोग तरह के व्यंजन बनाते हैं। पुआ, पूड़ी, खीर, तरह-तरह की सब्जियां, दही बाड़ा आदि बनाए जाते हैं। इसके लिए मैदा, सुजी, उड़द की दाल, घी, रिफाइन, डालडा आदि का उपयोग करते हैं। बाजार में इन चीजों की कीमतों में काफी उछाल है। गरीबों की होली तो पूरी तरह फीकी हो गई। मध्यम वर्गीय जरूरतों को पूरा करने में त्रस्त हैं ऐसे में पर्व में यह अतिरिक्त खर्च उनके बूते से बाहर की बात होती जा रही है।

# जिले में अवैध शराब पर कार्रवाई, पुलिस ने पकड़ी 1 लाख 86 हजार से अधिक की अंग्रेजी शराब

### आबकारी टीम ने लगभग 1 लाख 70 हजार अवैध शराब सहित सामग्री की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना के लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत गुरूवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी वृत नर्मदापुरम की उडनदस्ता टीम के द्वारा सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल ढोके के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी द्वारा कुलामड़ी रोड महिला जेल के निकट एक आरोपी नवीन पटेल पिता पुरुषोत्तम पटेल उम्र 30 वर्ष के मकान पर दबिश कार्रवाई करने पर दो पेटी अंग्रेजी ब्लू चिप रॉयल शराब एवं 7 पेटी देसी मदिरा प्लेन शराब ,इस प्रकार कुल 9 पेटी देशी एवं अंग्रेजी शराब कुल जमा बल्क लीटर 81 लीटर शराब जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अंतर्गत आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई में जप्त देसी ,विदेशी मदिरा की कुल कीमत लगभग 33000 की गई है। पिपरिया के मटकुली से लगे ग्राम चाकर, झिरीआ टोला मे आबकारी दल द्वारा संदिग्ध स्थलों पर छापामार कार्यवाही कर 55 लीटर हाथभट्टी शराब एवं 1250 किलोग्राम महुआ लाहान जप्त कर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1 (क) (च) के तहत 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गये। जप्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 69 हजार है। उड़ानदस्ता टीम के आबकारी उप निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, सुयश फ़ौज़दार, रघुवीर सिंह राठौर, प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा, आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा,आरक्षक कैलाश अखंडे योगेश महोबिया नगर सैनिक भैयालाल पटेल, वसंत पटेल का सराहनीय योगदान रहा विकास लोखंडे, भावना यादव एवं नगर सैनिक राकेश चौरे का विशेष योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में पूरे जिले भर में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण, निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ मुखबिरों से सूचनायें एकत्रित कर आबकारी उडनदस्ता टीम के द्वारा लगातार प्रभावी कारवाइयां की जा रही हैं। एवं आगामी समय में भी यह कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

### कोतवाली पुलिस ने पकड़ा अंग्रेजी शराब का जखीरा



लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए हैं। गुरूवार को एएसपी आशुतोष मिश्र के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पराग सैनी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब का जखीरा करीब 426 लीटर अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 86 हजार 420 रूपए बताई जा रही है को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जप्त की गई अवैध अंग्रेजी शराब में 24 पेटी पावर, 1000 सुपर स्ट्रांग बीयर, 15 पेटी आफिसर च्वाइस और एक पेटी इंम्पिरियर ब्लू शराब को जप्त की है। कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी सुरेश संतोरे पिता डालचंद संतोरे निवासी राजघाट मंदिर के पास नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में टीआई सौरभ पांडे, उपनिरीक्षक दरबारीलाल विश्वकर्मा, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश मेहरा, देवीराम दुबे, प्रधान आरक्षक विशाल भदोरिया, शैलेन्द्र कहार, पावेल मसीह, आरक्षक राजकुमार झपाते, अंकित धनगर, संगीत शर्मा, रवि कुशवाह, कपिल, सबलू यादव, जितेन्द्र सिंह, राजेश चौहान एवं त्रिवेणी रघुवंशी आदि की विशेष भूमिका रही।

# शासकीय वाहनों पर स्टीकर लगाकर किया मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना के नेतृत्व में गुरूवार को स्वीप प्लान के तहत जन मानस में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक संख्या में वोट करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में शासकीय वाहनों पर स्लोगन लगाकर प्रचार करने की गति विधि का शुभारंभ कलेक्टर महोदया द्वारा स्वयं के वाहन पर प्रचार हेतु स्टीकर लगाकर किया, इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ सुजान सिंह रावत तथा अपर कलेक्टर डीके सिंह द्वारा अपने - अपने वाहनों पर भी स्लोगन स्टीकर लगाया गया। वोट के अधिकार तथा मत दान के संवैधानिक कर्तव्य की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है, शासकीय विभागों द्वारा समय - समय पर विभिन्न प्रकार के आयोजन के द्वारा लोगो तक वोट की ताकत जानने के लिए संदेश रूपी आयोजन किए जा रहे है, इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा गुरूवार को शासकीय वाहनों पर मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु बने स्टीकर लगाकर स्वीप प्लान को प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डीके सिंह, सीईओ सुजान सिंह रावत, आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के साथ समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# गर्ल्स अंडर 18 इंटर डिस्ट्रिक्ट स्पर्धा में बैतूल ने हरदा को 78 से रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित कि जा रही अंडर 18 बालिका वर्ग इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मैच गुरूवार को हरदा एवं बेतूल के बीच खेला गया।

जिसमे बैतूल टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया बैतूल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 170 रन बनाए टीम कि ओर से बल्लेबाजी करते हुए वेदिका ने 36 रन तथा प्रतिष्ठा ने 20 रन का योगदान दिया। हरदा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभि दुबे ने 2 विकेट अजीता यादव आफिया ने 2 विकेट, प्रतिष्ठा तथा कशिश ने 1-1 विकेट लिए। इसके पश्चात हरदा टीम ने 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर 92 रन ही बना सकी। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अजीता ने सर्वाधिक 30 रन बनाए । बैतूल टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रतिष्ठा ने सार्वाधिक 5 विकेट चटकाए।इस तरह बैतूल ने यह मैच 78 रनों से जीत लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बैतूल एवम नर्मदपुरम के मध्य कल सुबह खेला जाएगा।

# रबी उपार्जन के लिए 253 वेयर हाउस को ऑफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 में उपार्जित स्कंध के भंडारण के लिए नोडल एजेंसी मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन द्वारा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन नर्मदापुरम वासुदेव दवन्डे ने बताया है कि जिले में उपार्जन, परिवहन एवं भंडारण की व्यवस्था पूर्ण की जा चुकी है। एफएसडी में 6 लाख मे.टन, शासकीय क्षमता में 1 लाख 30 हजार 500 में टन, स्टील साइलो में 33 हजार 44 में टन की प्राथमिकता श्रेणी में भंडारण के साथ ही लगभग 2.50 लाख में.टन स्कंध खरीदी केन्द्रों से भारतीय खाद्य निगम को सीधे 4 रेक प्वाइंट पर जिले के अनुमानित उपार्जन लक्ष्य 6 लाख 61 हजार मे.टन अनुसार रबी उपार्जन स्कंध के भंडारण के लिए शतप्रतिशत रिक्त गोदामों के निजी वेयर हाउस संचालकों से 15 मार्च 2024 से निगम की वेबसाइट पर आनलाईन ऑफर आमंत्रित किये गये। कैमरा एवं सुव्यवस्थित कार्यालय हो उनको वास्तविक भंडारित मात्रा एवं अवधि के आधार पर 79 रूपए प्रति टन एवं बी श्रेणी के गोदामों का 74 रूपए प्रति में.टन प्रति माह किराया देय होगा। उन्होंने बताया है कि कुछ वेयर हाउस संचालकों के अनुरोध पर निगम द्वारा 20 मार्च 2024 की स्थिति में आंशिक रिक्त क्षमता जिसमें पूर्व से गेहूँ भंडारित है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए हुई चित्रकला स्लोगन स्पर्धा



**नर्मदापुरम।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर शासकीय ईएफए एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरममें पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जय कुमार वर्मा, एसएन चौरे, विनोद दुबे, अदिती परसाइ उपस्थित रहे। छात्रों को विश्व वानिकी दिवस पर वनों की महत्वता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में 50 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के लिए चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन सारिका शर्मा नोडल प्रभारी शिक्षिका ईको क्लब ने किया।

### संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति ने चलाया ग्राम संपर्क अभियान



**नर्मदापुरम।** संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति द्वारा दिनांक 21 मार्च को ग्राम सम्पर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत ग्राम रेहटी, ग्राम सोयत एवं ग्राम गुराड़िया में माली समाज के सामाजिक बन्धुओ से जनसम्पर्क किया गया। ग्राम रेहटी के बागवान गार्डन में नंदकिशोर सैनी (पार्षद) के द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जन्मोत्सव एवं युवा-युवती परिचय सम्मेलन के आयोजनो को लेकर चर्चा हुई। बैठक के पश्चात सभी सामाजिक बन्धुओ की सहमति से नंदकिशोर सैनी को ग्राम रेहटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही बालमुकुन्द सैनी को समिति के संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। समिति के सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने बताया कि इस दौरान नर्मदापुरम से समिति के अध्यक्ष अजय सैनी, सचिव ब्रजमोहन सैनी, कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, कोमल सैनी, राममोहन सैनी, गोविंदा सैनी, राजू सैनी आदि मौजूद रहे।

# सिप्रंगडेल्स स्कूल में कत्थक नृत्यांगना मऊमाला ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




स्पिक मैके अर्थात सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग असिस्टेंट यूथ एक सुप्रसिद्ध अभियान है। इस अभियान में सम्मिलित स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में स्पिक मैके के अंतर्गत लखनऊ घराने की सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना मऊमाला नायक ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यार्थियों को कत्थक की बारीकियों से रूबरू करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना नायक व प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों का स्वागत स्कूल प्राचार्य द्वारा किया गया। प्रस्तुति प्रारंभ करते हुए नृत्यांगना नायक ने बच्चों को बेसिक कत्थक का ज्ञान कराया तथा बताया कि नृत्य का मुख्य केंद्र बिंदु आंखों व पैरों की गति होता है, कत्थक की 13 बेसिक मुद्राओं के बारे में जानकारी व मुद्राओं के अर्थों के बारे में भी बताया।

शिव वंदना, गुरु वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा - कृष्ण होली प्रसंग रहा। आकर्षक भाव भंगिमाओ का प्रयोग करते हुए होली प्रसंग का नृत्य वर्णन अद्भुत रहा। जिस शालीनता से नृत्यांगना नायक के चेहरे के भावों ने उनके विचारों को व्यक्त किया वह अद्भुत उल्लेखनीय था। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने कलाकारों से नृत्य संबंधी प्रश्न भी किए।

प्रस्तुतकर्ता कत्थक नृत्यांगना मऊमाला नायक व उनके सहयोगी कलाकार तबले पर मोहित राज तथा हारमोनियम पर जकी अहमद रहे। प्राचार्य मोना चटर्जी ने उपस्थित कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर सुनील बाजपेई का धन्यवाद किया जिनके सहयोग से बच्चों ने प्राचीन भारतीय कत्थक विधा के बारे में जाना। आभार प्रदर्शन स्कूल उप प्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मोना चटर्जी ने अतिथि कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। कार्यक्रम में स्कूल उप प्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया, जनरल मैनेजर सोनल सोखी सहित शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के तीसरे दिवस व्यासगादी से बोले पं.रामगोपाल तिवारी

# रामकृपा से ही व्यक्ति रामकथा सुनने का अधिकारी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम






पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के अंतर्गत पंचदिवसीय ज्ञान सत्र के तीसरे दिवस व्यास गादी से अपने प्रवचनों का प्रारंभ करते हुए मानस रत्न पूज्य पं रामगोपाल तिवारी ने कहा कि व्यक्ति को आत्म कल्याण के पद पर अग्रसर होने के लिए देह तत्व के चिंतन की ओर आगे बढ़ना होगा। तुलसीदासजी रचित रामचरितमानस में देह और विदेह के समानता जैसे की ओर संकेत करते हुए पूज्य मानस रत्न जी मनुष्य कृपा प्रसंग की व्याख्या करते हुए अव्यक्त परमात्मा के प्रत्यक्ष दर्शन की लालसा व्यक्त करते हैं। जनकपुर में महाराज जनक जो की परम ज्ञानी है वह दैहिक सौंदर्य की प्रशंसा करने लगते हैं भूसुंडी जी भी बालक राम के उपासक हैं जिनके मन में श्री राम बसे हैं इस तरह जब परमात्मा स्वरुप से रूप के द्वारा व्यक्त होते हैं तब देह और विदेह का अंतर मिट जाता है प्रवचन श्रंखला को आगे बढाते हुए आपने अशोक वाटिका में विराजमान माता जानकी की स्थिति का निरूपण किया, लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रभु चरणों में समर्पण आवश्यक है। रामकृपा से ही व्यक्ति रामकथा श्रवण का अधिकारी होता है। जीवन का लक्ष्य क्या है इसकी और बड़े केंद्रीय विषय में वैदेही दर्शन को आगे बढ़ते हुए अपने पंचवटी से अशोक वाटिका की ओर ले चलते हैं, जीव जब तक भक्ति को प्राप्त नहीं करता अनुकूल और असहाय बना रहता है ,ईश्वर देह हैं या विदेह? सत्य क्या है झूठ क्या है जो यह सत्य है इसका अभाव नहीं हो सकता, जो झूठ है वह प्राप्त नहीं हो सकता जो पहले भी नहीं था उससे आगे नहीं रहेगा अर्थात वह सत्य नहीं है ,सृष्टि की जड़ होने से शाश्वत सत्य नहीं है। प्रारंभ में तिवारी का स्वागत विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के साथ जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, महेश चौकसे, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा , जनपद सदस्य चंदन साहू,नूतन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भजनांजलि के अंतर्गत ऋत्विक राजपूत द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुति की गई हारमोनियम पर आदित्य परसाई एवं तबले पर उत्कर्ष तिवारी ने संगत की। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना अब सौंप दिया के द्वारा हुआ कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय गार्गव ने किया ।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा की गई नलजल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक ली

**नर्मदापुरम।** जिले में ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों के पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, नलजल योजनांतर्गत किये जा रहे कार्य समय सीमा में व गुणवत्ता पूर्ण हो यह निर्देश सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये। सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा 21 मार्च को लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नलजल योजना के प्रगति की समीक्षा बैठक में की गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण नलजल योजना विगत बैठक में योजनाओं को पूर्ण करने हेतु दिये गये लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की समीक्षा की गई एवं नलजल योजनाओं की कार्यों की पूर्णता कम होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई। सीईओ जिला पंचायत द्वारा निर्देश दिये गये कि सहायक यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा पंचायत वार नलजल योजना की प्रगति का आंकलन किया जाए। समीक्षा के दौरान पिपरिया के सहायक यंत्री सतीष चंद्र साहू द्वारा कार्यों में लापरवाही करना पाया गया, वो बैठक में भी अनुपस्थित रहे, जिस कारण उनके विरूद्ध विभागीय जांच किये जाने के निर्देष सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये। बैठक में यह भी ज्ञात हुआ कि क्षेत्र में उपयंत्रियों के पास कार्यों के आवंटन में विसंगतीयां है। अतः उपयंत्रियों के दायित्वों एवं कार्यक्षेत्रों के पुनः निर्धारण के निर्देश कार्यपालन यंत्री को सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये साथ ही मेकेनिकल फील्ड के उपयंत्रियों को भी विभागीय नलजल कार्यों का दायित्व दिये जाने के निर्देश दिये गये।

खबर संक्षेप

## दक्षिण वनमंडल ने मनाया विश्व वाणी दिवस



**बैतूल।** दक्षिण वनमंडल द्वारा गुरुवार 21 मार्च को विश्व वाणी दिवस मनाया गया। डीएफओ विजयान्नतम टी.आर. एवं कार्यालय के अन्य स्टाफ द्वारा वनमंडल परिसर स्थित गार्डन में अनार, आम, जाम, सीताफल, एवं आंवला का पौधा लगाया गया। वनमंडलाधिकारी द्वारा उपस्थित स्टाफ को इस वर्ष वानिकी दिवस की थीम ₹वन और नवाचार₹ के विषय में जागरूक किया गया। परिवार व बच्चों को भी वनों की उपयोगिता के विषय में जागरूक करने एवं वानिकी दिवस के अवसर पर पौधा लगाने प्रेरित किया। वनमंडल अंतर्गत 3 उपवनमंडल कार्यालय, 9 वन परिक्षेत्र कार्यालय सहित 200 बीट में 5-5 विभिन्न प्रजाति के पौधो का रोपण किया गया। इस प्रकार वानिकी दिवस के अवसर पर दक्षिण बैतूल वनमंडल अंतर्गत कुल 1050 पौधो का रोपण किया गया।

## कपास से भरा ट्रक बरेठा घाट पर पलटा



**बैतूल।** नेशनल हाईवे 69 पर बरेठा घाट की सडक़ का निर्माण नहीं होने के कारण सडक़ की बदत्तर हालत हो गई है और आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं घटित होती है। आज 11 बजे के लगभग एक ट्रक पलट गया जिससे बरेठा घाट पर जाम लग गया। जाम में बड़े वाहन फंस गए। पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने के लिए प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कपास से भरा ट्राला बैतूल से भोपाल की तरफ जा रहा था। सडक़ खराब होने के कारण जैसे ही ट्राला बरेठा बाबा मंदिर के मोड़ पर पहुंचा और अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्राला लंबा होने के कारण पूरी सडक़ जाम हो गई। ट्राला में भरा कपास भी सडक़ पर बिखर गया। सडक़ पर जाम लगने के कारण भोपाल की ओर से बैतूल आने वाली और इधर से भोपाल जाने वाले बड़े वाहन, यात्री बस, कार और जीप जाम में फंस गए। समाचार लिखे जाने तक दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थी।

## रैली से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर गुरुवार 21 मार्च को मेडिटेक इंस्टिट्यूट बैतूल में मतदाता जागरूकता का अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नव मतदाताओं ने रस्साकस्सी व मानव श्रृंखला बनाकर आने जाने वाले राहगीरों से मतदान की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप अक्षत जैन के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के अंतर्गत बैतूल में यूथ आइकॉन शैलेन्द्र बिहारिया व यूथ आइकॉन सोशल मीडिया तूलिका पचौरी द्वारा निष्पक्ष मतदान की शपथ के साथ मेडिटेक के छात्रों ने रस्साकस्सी, मानव श्रृंखला व ग्राम सिमोरी में साइकिल रैली से लोगो को मतदान के लिये जागरूक किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र बिहारिया व तुलिका पचौरी ने कहा कि बेटियों पर इस लोकतंत्र के पर्व की अहम जिम्मेदारी है। बेटियों की बात पूरा परिवार ध्यान से सुनता है। हर बेटी 5 परिवारों से मतदान करने की जिम्मेदारी ले तो मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है। इस अवसर पर तुलिका पचौरी ने भी मतदान के लिये बेटियों को प्रेरित किया। मेरा पहला वोट देश के लिए थीम पर नवयुवक मतदाताओं से मतदान की अपील की गई। अरुणिमा सिन्हा व दशरथ मांझी की संघर्ष गाथा बता कर लोगों को अपने कर्तव्य के लिये प्रेरित किया।

### नागपुर रोड पर स्थित बालाजी सर्विसिंग सेंटर के पास गंभीर दुर्घटना

# स्कूटी बाइक में टक्कर, एक युवक की मौत, दो घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के नागपुर रोड पर स्थित बालाजी सर्विसिंग सेंटर के पास गुरुवार शाम अचानक से एक स्कूटी और एक बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी पर बैठे दूसरा युवक और बाइक सवार युवक को गंभीर चोटे आई। सड़क दुर्घटना के तत्काल बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई थी। तत्काल तीनों को मुलताई के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा स्कूटी चालक शारदा नगर नेहरू वार्ड निवासी आयुष अशोक बामने उम्र 22 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार आयुष अपने दोस्त राहुल श्रीराम मालवीय के साथ कामथ की ओर जा रहा था। कि तभी छिंदवाड़ा से बैतूल जा रहे शिव वामनराव वानखेडे ने बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्कूटी और बाइक भी बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। सड़क दुर्घटना में आयुष बुरी तरह से लहु लुहान हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि राहुल और शिव दोनों गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों का मुलताई के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 50 ड्रमों में भरा 10 हजार किलो महुआ लहान पुलिस ने किया नष्ट



**मुलताई-** आदर्श आचार संहिता के परिपालन के लिए पुलिस अवैध शराब के परिवहन और बिक्री की रोकथाम हेतु अभियान चल रही है जिसके तहत मुलताई पुलिस द्वारा महाराष्ट्र सीमा से लगे गांव सालबर्डी और झुनकारी में कच्ची महुआ शराब के ठिकानों पर दबिस देकर लगभग 50 ड्रमो में भरा महुआ लाहन करीबन 10000 किलो. एवं शराब बनाने के अड्डो को विधिवत नष्ट किया गया, महुआ लाहन की अनुमानित कीमत करीब 2,50,000 रूपये है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक राजेश सातनकार उपनिरी बसंत अहके, उपनिरी अमित पवार, उपनिरी छत्रपाल धुर्वे, सउनि. राजेश मालवीय, आरक्षक विवेक, अरविंद हरिओम, सेवाराम और नगर रक्षक सदस्यों का योगदान रहा है।

## कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**भैंसदेही।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र 133 भैसदेही के स्ट्रांग रूम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। आयोग की गाईडलाईन अनुसार स्ट्रांग रूम में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुचारू संचालित रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिय। अनुविभागीय अधिकारी अनिता पटेल, एसडीओपी भूपेन्द्र मौर्य तहसीलदार चंद्रपाल इनवाती, पीडल्यूडी. एसडीओ राकेश कास्दे, टीआई अंजना धुर्वे, सीईओ जनपत पंचायत जितेंद्र सिंह ठाकुर, सीएमओ ए आर सांवरे भैसदेही की बैठक लेकर निष्पक्ष मतदान कराने एवं मतदाताओ को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने हेतु स्वीप गतिविधिया संचालित करने एवं मतदान केन्द्र पर मतदाता एवं मतदान दल के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था करने एवं चेक पोस्ट पर एस.एस.टी. टीम द्वारा नियमित चेकिंग एवं शेडोजोन का संयुक्त निरीक्षण करने एवं आर्दश आचार सहिता का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### एक हजार आर्थिक जुर्माने से किया दंडित

## सागौन चरपटों का अवैध परिवहन करने वाले आरोपियों को एक वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

दक्षिण वनमंडल अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र से बैलगाड़ी में सागौन चरपटों का अवैध परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय भैंसदेही द्वारा आरोपियों को 01 वर्ष के कारावास तथा एक हजार आर्थिक जुर्माने से दंडित किया है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में दिनांक 19 मार्च को आठनेर वन परिक्षेत्र में रात्रि गश्ती दल के ब्रजलाल उईके परिक्षेत्र सहायक कालापखान रोहित उईके तथा कामूलाल इवने द्वारा चारसी से रगड़गांव चोर रास्ते पर रात्रि गश्ती के दौरान 02 बैलगाडियों पर सागौन चरपटो को अवैध परिवहन करते हुए आरोपी धनराज पिता प्रहलाद तथा बाजीलाल पिता धन्नु लाजिवार निवासी चारसी को रोका तथा काष्ठ के संबंध में पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा काष्ठ से संबंधित वैध कागजात नहीं दिखाये जाने पर वन अपराध दर्ज किया गया एवं मौके से अवैध सागौन चरपट 18 नग और दोनों बैलगाड़ियों को जप्त किया गया था। जप्त काष्ठ की कीमत 24 हजार 282 रू. आंकी गई थी। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) (ङ) तथा म.प्र. वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में डीएफओ विजयान्नतम टी.आर.के मार्गदर्शन में प्रकरण की प्रभावी विवेचना की गई तथा माननीय न्यायालय भैंसदेही के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय भैंसदेही द्वारा दोनों आरोपियों धनराज पिता प्रहलाद तथा बाजीलाल पिता धन्नु लाजिवार निवासी चारसी को 01 वर्ष के करावास तथा एक हजार रू. जुर्माने से दंडित किया गया है।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, कई लोग हुए शामिल

## होली पर्व पर शांति व्यवस्था को लेकर लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर मुलताई में संपन्न हुई। बैठक में होली पर्व को लेकर शांति व्यवस्था एवं होली धुरंड़ी पर्व पर होने वाले आयोजनों की व्यवस्था को लेकर अनेक निर्णय लिए गए। एसडीओ पुलिस सुरेश पाल सिंह, तहसीलदार अनामिका सिंह, थाना प्रभारी राजेश सातनकर नगर पालिका उपयंत्री योगेश अनेराव एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले धुरंड़ी के दिन मेघनाथ मेले मैं लाइटिंग व्यवस्था स्वच्छता एवं पुलिस व्यवस्था को लेकर निर्णय लिया गया।

एसडीओपी सुरेश पाल सिंह ने कहा कि हर जगह सभी तरीके के लोग होते हैं त्योहार के अवसर पर कुछ लोग अति उत्साह में हरदम भी पैदा कर देते हैं वर्तमान समय में आचार संहिता लगी है ऐसे लोगों की सूची बनाएं उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था निर्माण करना सभी की जवाबदेही है पुलिस सभी के सहयोग से शांति व्यवस्था कायम करेगी। नवागत थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने अपना परिचय देते हुए कहा मेरे सर्विस का अधिकांश समय भिंड मुरैना जिले में गुजारा है हमें पहली बार मैदानी क्षेत्र में आप लोगों के बीच आया हूं मैं मैं बहुत कुछ सोचा है लेकिन सीधा और स्पष्ट कहना और करने में विश्वास करता हूं शांति व्यवस्था के लिए शक्ति भी आवश्यक है और सभी का सहयोग भी। बैठक में पूर्व पार्षद हनी खुराना ने कहा कि धुरंड़ी पर्व पर रंग गुलाल के कारण नागरिकों को अधिक पानी लगता है इसलिए नगर पालिका त्योहार के दिन नगर वासियों को पानी समय सीमा बड़ा कर दे ताकी लोगों को पानी की समस्या ना हो। इसके अलावा शांति समिति की बैठक में नगर पालिका के कैमरे बंद होने का मामला भी उठा नगर पालिका उपयंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि नगर पालिका द्वारा लगाए गए सभी कैमरे खराब हो गए हैं। जीनका ठीक होना संभव नहीं है नगर पालिका की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण नए कैमरे लगाना संभव नहीं है फिर भी वह प्रयास करेंगे कि पुराने कैमरे सुधारे जा सके। शांति समिति की बैठक में उपस्थित नागरिकों में हाजी शमीम खान, भाजपा नेता कीर्ति यादव, शेख जाकिर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, दिनेश कालभोर सहीत पत्रकारगंण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया आदतन अपराधी को एक वर्ष के लिए जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर ने किया सारणी के आदतन अपराधी तौहित को एक वर्ष के लिए जिला बदर छिंदवाड़ा, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम की सीमाओं में भी नहीं कर सकेगा प्रवेश जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बैतूल जिले के आदतन अपराधी तौहित पिता सलीम मंसूरी उम्र 37 वर्ष निवासी शॉपिंग सेंटर सारणी को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक वर्ष के लिए जिला बदर घोषित किया है। इस अवधि में तौहित बैतूल एवं उसकी सीमावर्ती जिले छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, खंडवा एवं हरदा की राजस्व सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा। तौहित को 48 घंटे के भीतर प्रतिबंधित सीमाओं से बाहर जाना होगा। जिला दंडाधिकारी ने अपने आदेश में लेख किया है कि एक वर्ष तक बिना अनुमति के जिले एवं प्रतिबंधित सीमाओं में प्रवेश नहीं करेगा। इस अवधि में तौहित जहां भी रहेगा वहां के पुलिस अधीक्षक को अपनी उपस्थिति की सूचना निरंतर देता रहेगा।

पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार तौहित के खिलाफ सारणी क्षेत्र में विगत 6 वर्षों में 30 से अधिक आपराधिक मुकद्दमें दर्ज किए गए है। तौहित एक आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्ध मारपीट, आर्म्स एक्ट, अवैध शराब विक्रय, लोगों को डराने-धमकाने जैसे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। उसकी आपराधिक गतिविधियों का अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसके विरूद्ध आम जनता में भय एवं आतंक का माहौल निर्मित होता जा रहा है। बदमाश की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सारणी पुलिस द्वारा समय समय पर प्रचलित कानूनों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। उसकी आपराधिक गतिविधियों के कारण सारणी एवं पाथाखेड़ा क्षेत्र में लोग एवं शांति व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। तौहिद को उसके विरूद्ध प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के आधार पर स्पष्टीकरण का अवसर भी दिया गया, जिसमें उसके द्वारा उल्लेख किया गया कि उसके विरूद्ध अधिकतर पंजीबद्ध अपराधों में वह दोष मुक्त किया गया है एवं कुछ में उसके द्वारा जुर्माने का भुगतान भी किया जा चुका है। पुलिस द्वारा उसके विरूद्ध जान बुझकर झूठे प्रकरण बनाकर पेश किए है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत आपराधिक रिकार्ड एवं लोक अभियोजन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जिसमें तौहित के विरूद्ध वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक कुल 30 अपराध पंजीबद्ध किए गए है।

### औचक निरीक्षण में कलेक्टर ने व्यवस्थाओं पर व्यक्त किया संतोष

## भैंसदेही विधानसभा में निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केंद्रों, स्ट्रांग रूम, शेडो जोन, क्रिटिकल मतदान केन्द्र, पिंक बूथ आयडियल मतदान केन्द्र, युवा मतदान केन्द्र आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

### आइडियल एवं पिंक बूथ

एसडीएम सुश्री अनीता पटेल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में एक युवा पिंक और आयडियल मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। पिंक बूथ में सभी कर्मचारी महिला ही होंगी। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने एवं मतदान के प्रति उनके मन में गर्व के भाव उत्पन्न हों ऐसे मोटिवेशनल स्लोगन लगाए जाएंगे। एक सेल्फी प्वाईंट भी बनाया जाएगा। आयडियल मतदान केन्द्र पर स्वागत द्वार होगा, जहां मतदाताओं का स्वागत पुष्प वर्षा से किया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम की की समीक्षा

स्वीप के तहत अधिक से अधिक मतदान के लिए आमजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्रों में चलाई जा रही गतिविधियों को देखा। स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदान के महत्व को बताया जा रहा है।

### देखी दिव्यांग मतदान केंद्र की व्यवस्थाएं

कलेक्टर सूर्यवंशी ने दिव्यांगों के लिए बनाए मतदान केन्द्र की व्यवस्था को देखा। व्हील चेयर एवं रैम्प की व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया। व्हील चेयर के साथ एक व्यक्ति की ड्यूटी मतदान अवधि तक लगाने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों पर पेयजल व्यवस्था एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सतत बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम भैंसदेही सुश्री अनीता पटेल ने मतदान केन्द्रों का अवलोकन कराया। एसडीओ और टीआई भैंसदेही ने कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। उनके साथ सीएमओ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सामग्री वितरण केन्द्रों का अवलोकन किया। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं एवं कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पिंक बूथ एवं आयडियल मतदान केन्द्रों के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं की पूर्व समीक्षा की। ड्यूटी पर आए कर्मचारियों के रूकने एवं उनकी भोजन व्यवस्था को देखा।

## कार में रसोई गैस भरते समय लगी भयानक आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सारणी की शोभापुर कॉलोनी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने की दुकान में कार में रसोई गैस (एलपीजी)भरते समय भयंकर आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि आसपास की दुकानों में अफरा तफरी मच गई। साप्ताहिक बाजार का दिन होने की वजह से आसपास भारी भीड़ जमा हो गई। यह तो गनीमत रही कि आग से एक दुकान के अलावा अन्य दुकान और कहीं कोई नुकसान नहीं हुआ। बताते हैं कि आग इतनी भयानक थी कि दूर से नजर आ रही थी और धुएं के गब्बर कई मीटर ऊंचाई तक दिखाई दे रहे थे। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार हाजी हुसैन खान की साइकिल स्टोर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर से कार में गैस भरी जा रही थी इस दौरान कार में आग लग गई। बताया जा रहा है की साइकिल स्टोर में पेट्रोल बेचने के अलावा एलपीजी गैस की रिफिलिंग की जाती थी और इसी वजह से आगजनी की घटना भी हुई है. आसपास के व्यापारियों का कहना है कि इस दुकान से में वर्षों से अवैध तरीके से गैस भरने का काम चल रहा था व्यापारियों द्वारा मना भी किया गया लेकिन दुकान संचालक मनमानी कर रहा था। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और दमकल कर्मी पहुंच गए और आग पर काबू पाने में लग गए।

### बैतूल बाजार पुलिस ने किया लूट की दो घटनाओं का खुलासा

## पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




बैतूलबाजार पुलिस ने दो लूट की घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना बैतूलबाजार क्षेत्रांतर्गत फरियादी गणेष पिता पुन्यजी वागद्रे उम्र 40 वर्ष निवासी पौहर, थाना भैंसदेही जो सी0एम0 राईज स्कुल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। 17 मार्च को रात्रि में डयूटी समाप्त होने पर पैदल घर जा रहा था जो रास्ते में फोरलेन हाइवे रोड के ब्रिज के नीचे आरुल रोड पर एक लाल रंग की बाईक आई, जिसमें तीन लडक़े आये और बाइक खड़ी कर प्रार्थी को पकडक़र थोड़ी दूर आगे ले गये और प्रार्थी की जेब से पर्स, एटीएम, नगदी रुपये, मोबाईल एवं चांदी की अंगुठी जबरदस्ती छीन ली गई। किसी को बताने पर जान से खत्म करने की धमकी दी गई थी। प्राथी, डर के कारण उस दिन रिपोर्ट नहीं कर सका था, उसके बाद प्रार्थी ने उन तीन लडक़ो का पता किया, जिससे पता लगा कि गोरे रंग वाला लडक़ा आंख में सुरमा लगाया था, उसका नाम मनीष है, लंबे बाल वाला रवि कु मरे तथा छोटे कद वाला शिवप्रसाद बारस्कर है। तीनो सिंगनवाड़ी तरफ लाल रंग की बाईक एच.एफ. डीलक्स से घूमते दिखे हैं। उन्हीं तीनो ने 17 मार्च रविवार को रात्रि करीब 10 बजे आरूल रोड फोरलेन ब्रिज के नीचे उसे पकडक़र उससे जबरदस्ती नगदी, मोबाइल एवं अन्य सामान छुड़ाकर ले गये थे। प्राथी की रिपोर्ट पर 20 मार्च को अपराध क्र.126/2024 धारा 392, 34 भादवि का पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया था।

प्रकरण में तत्परता से उक्त हुलिये के 3 बदमाशों की तलाश पतारसी हेतू लगातार क्षेत्र में सर्चिग की गई, जो आंख में सूरमा लगाने वाले एक बदमाश के संबंध में पुख्ता जानकारी एकत्रित कर 1. रवि पिता दामजी कुमरे उम्र 23 वर्ष निवासी सिंगनवाडी, 2. मनीष पिता गुड्डू बारस्कर उम्र 21 वर्ष निवासी कोसमी 3. शिवप्रसाद पिता श्यामलाल बारस्कर उम्र 23 वर्ष निवासी सिंगनवाडी से सख्ती व हिकमत अमली से पूछताछ पर उक्त आरोपियों द्वारा 17 मार्च को घटनाकारित करना स्वीकार किया। जिसमें उक्त आरोपियो से फरियादी से लूटा गया 1 मोबाइल, फरियादी का पर्स जिसमें फरियादी का एटीएम कार्ड, पासबुक, फोटो, नगदी 1500 रूपये एवं 1 चांदी की अंगुठी कुल कीमती 15000 रूपए बरामद किये है। आरोपियों से अन्य घटना के संबंध में पूछताछ पर आरोपियो द्वारा उक्त 17 मार्च को ही खडला-करजगांव रोड पर घटना करना स्वीकार किया है। जिसमें पूर्व से अपराध 123/24 धारा 294, 327, 506, 34 भा.द.वि. का फरियादी प्रवीण पिता कलीराम पवार उम्र 28 वर्ष निवासी सांवगा की रिपोर्ट पर एक लाल रंग की रायल इनफिल्ड बुलट चालक, अन्य काले शर्ट वाला एवं चालक, जो सफेद रंग की टी शर्ट पहने था के विरुद् पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया था। उपरोक्त तीनों आरोपियों द्वारा उक्त घटना में लूटी गई सामाग्री 1 रियल-मी कंपनी का मोबाईल, नगदी 1000 रुपये, काले रंग की टी-शर्ट, फरियादी का पर्स जिसमें ड्रायविंग लायसेंस, पेन-कार्ड, 3 एटीएम, वोटर आईडी, वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, एक सफेद रंग की शर्ट, ये रंग का बेग, 1 थर्मस बाटल, 1 तांबे की बाटल तीनो आरोपियो से प्रथक-प्रथक मुताबिक मेमोरण्डम के उक्त सामाग्री जप्त की गई है। आरोपियो उक्त से घटना में प्रयुक्त एक बजाज एवेंजर बाईक जिसका नंबर एम0पी0-09/क्यूबी-7173 तथा एक लाल रंग की हीरो कंपनी की एचएफ डिलक्स बाईक, जिसका नंबर एमपी-48/जेडसी-6112 भी आरोपियो से जप्त की है।

### चना उत्पादन करने वाले किसानों को होगा नुकसान

# बेमौसम बारिश और तेज धूप के चलते फसलों को हुआ नुकसान

पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश और तेज धूप के चलते रबी की फसलों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश होने के कारण आड़ी हुई फसल से नुकसान उठाना पड़ रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

मौसम में आए अचानक बदलाव तथा तेज धूप किसने की फसलों के लिए नुकसान देह साबित हो रही है पूर्व में बे मौसम बारिश के कारण एवं अचानक मौसम परिवर्तन तथा तेज धूप से अन्नदाता के खेतों में खड़ी फसले गेहूं चना एवं फसले अचानक कटाई के लिए तैयार हो गई हैं। जिससे फसलों के उत्पादन में भारी गिरावट साफ-साफ देखने में आ रही है अचानक तेज धूप के कारण फैसले जहां तहां सूख रही हैं जिस किसान किस्तों में कटवाने को मजबूर है।

सेमरी हरचंद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बे मौसम हुई अचानक तेज बारिश के चलते चने की फसल को भारी नुकसान है वहीं गेहूं की फसल भी विगत वर्षों की अपेक्षा कुछ ठीक नहीं दिखाई देती इस वर्ष पहली बार गेहूं की फसल में इल्लियों का प्रकोप देखने को मिला है उपचार के लिए किए गए दवाई के स्प्रे कुछ खास कारगर सिद्ध नहीं हुए किसानों का कहना है कि सेमरी हरचंद एवं आसपास के ग्रामों का सर्वे कर किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा मिलना चाहिए जिससे किसान अपनी आगामी फसल की समय पर बुवाई कर सके बे मौसम बारिश की इस करने किसने की अभी कटाई से पूर्व ही कमर तोड़कर रख दी है किसान फसली देखकर परेशान है।

## 10 केंद्रों पर जारी है समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला प्रबंधक एमपी स्टेट सिविल सप्लायर सप्लाईज कॉरपोरेशन ने बताया है कि समर्थन मूल्य हेतु उपार्जन वर्ष 2023-24 में संचालित उपार्जन समितियां एवं केंद्रों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर ऑडिटेड अंतिम देयक नोडल एजेंसी को प्रस्तुत कर दिए हैं। उसके आधार पर उपार्जन समितियां की लांड्री एवं देनदारी का अंतिम भुगतान पत्रक तैयार किया जा रहा है। नोडल एजेंसी द्वारा उक्त वर्ष की राशि 3.50 करोड़ का पार्ट पेमेंट भी उपार्जन समितियां को भुगतान हेतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय को आरटीजीएस के माध्यम से कर दिया गया है। उक्त वर्ष का उपार्जन समितियां से कोई मिलन कार्य शेष नहीं है, अंतिम भुगतान तैयार होने के उपरांत उपार्जन समितियां को शेष राशि का भुगतान त्वरित किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन वर्ष 2024-25 में शासन के निर्देश अनुसार नर्मदापुरम में 183 उपार्जन केंटो का निर्धारण किया जाना है। वर्तमान में समिति/शासकीय वेयर हाउस स्तर पर 100 केंद्रों का निर्धारण किया गया है, जिसमें से 18 मार्च को 10 केंद्रों पर खरीदी भी प्रारंभ कर दी गई है। समिति स्तर पर शेष केंद्रों के निर्धारण के लिए जगह की उपलब्धता का परीक्षण कराया जा रहा है। जिन समितियां के पास जगह उपलब्ध है या किराए पर मिलती है उन समितियां पर उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किए जाने की प्रक्रिया भी गतिशील है।

# लोकसभा चुनावः पहले दिन लिया 300 मतदान कर्मियों ने प्रशिक्षण

### मतदान कर्मियों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



सिवनी मालवा के शासकीय कुसुम महाविद्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज प्रारंभ हुआ। जिसमे विधानसभा सिवनी मालवा के मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो पाली में मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व मतदान, अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन के दायित्व, टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया। सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार, तहसीलदार राकेश खजूरिया, जनपद पंचायत सीईओ श्रुति चौधरी, नायब तहसीलदार नितिन राय, दीप्ति चौधरी द्वारा किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज परिहार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को बताया कि सभी मतदान कर्मी निर्वाचन के कार्य में गंभीरता बनाये रखें। किसी भी शंका के लिए मास्टर ट्रेनर्स से जानकारी लेकर शंका का निवारण करें। तहसीलदार राकेश खजूरिया ने प्रशिक्षण में मतदान की बारीकियां के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स मनोज सोनी, उमेश धुर्वे, अशोक साहू, मनित कुमार दुबे, प्रकाश व्यास, रजनीश जाटव उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्रि पर श्री बम बाबा दरबार में श्री शतचंडी महायज्ञ 9 अप्रैल से

**इटारसी।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री बम बाबा दरबार न्यास कालोनी में श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। इस दौरान 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे श्री बम बाबा दरबार न्यास कालोनी से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर वापस बम बाबा दरबार में यज्ञ स्थल पर संपन्न होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से देवपूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, माता की स्थापना, दुर्गापाठ तथा रूद्राभिषेक प्रारंभ होगा। 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से अरणि मंथन एवं हवन प्रारंभ होगा। 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक देवपूजन, दुर्गापाठ, अभिषेक एवं यज्ञ चलेगा। यज्ञाचार्य पं.रामगोपाल त्रिपाठी शास्त्री रहेंगे। 17 अप्रैल को यहां भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 18 अप्रैल को शाम 5 से रात्रि 11 बजे तक भंडारा और 19 अप्रैल को शाम 5 बजे दुर्गा माता की प्रतिमा विसर्जन के लिए समिति के सदस्य नर्मदापुरम के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान मंजूलता नारायण सेन रहेंगे। अध्यक्ष बीबी तिवारी, उपाध्यक्ष रमेश राजपूत और सचिव संजय सोहनी ने भक्तों से सभी आयोजनों में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## पीएम आवास के लिए परेशान हो रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकासखंड में गरीबों को सूची में नाम दर्ज होने के कारण तथा प्रधानमंत्री की आवास योजना की प्रतीक्षा सूची में नाम होने के कारण पात्रता और पात्रता का खेल चल रहा है असली नकली का काम भी चल रहा है नकली लोगों को प्रधानमंत्री आवास पहले ही प्राप्त हो चुके हैं लेकिन अभी जिनको आवश्यकता है उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री आवास लगातार दो वर्षों से प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे हजारों लोग आज भी प्रधानमंत्री आवास से वंचित हैं जिनके मकान पर कहीं टूटे टीन लगे हुए हैं तो कहीं पनी छाई हुई है। इस बारे में जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी कोई भी जवाब नहीं दे रहे हैं। लेकिन अभी तक लोकसभा चुनाव पास आने के बाद भी सारे दस्तावेज होने के बाद भी लोगों को आवास प्राप्त नहीं हो रहे हैं। कर्मचारी किसी भी तरह का जवाब देने से कतरा रहे हैं संतोष तिवारी अनुविभागी अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातरकर से इस बारे में चर्चा की गई उन्होंने बताया कि यह सरकार की योजना है सरकार के द्वारा ही राशि प्रदान करना है शासन से राशि आएगी तभी आवेगी कार्यवाही की जा सकती है तथा आगे कुछ कहा जा सकता है आएगी कैसे आएगी इस बारे में अभी कहना मुश्किल है क्योंकि अभी इस बारे में कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इस तरह से जनता पीएम आवास को लेकर भी काफी परेशान है चाहे वह नगर पालिका क्षेत्र हो या ग्राम पंचायत एक जगह पत्र लोग आज भी दर-दर भटक रहे हैं पत्रों को अभी भी पीएम आवास प्राप्त नहीं हुआ अभी पुरानी सूची के लोग ही बकाया है आवास प्लस की सूची वालों का कब नाम आएगा इसके बारे में भी अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

## नर्मदा परिक्रमा कर रहे सद्गुरु दादा गुरु का नगर में आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नर्मदापुरम में पिपरिया विधानसभा में महेश्वरी भवन में 21 मार्च 2024 को सतगुरु दादा गुरु का आगमन हुआ जिनके द्वारा केवल हवा ग्रहण पानी मां नर्मदा का जल ही ग्रहण किया जा रहा है। जो पैदल परिक्रमा कर रहे हैं जिन्हें लगभग चार माह हो चुके हैं नर्मदा सहित तमाम पवित्र नदियों का जीवन बचाने तथा प्रकृति पर्यावरण और गोवंश के संरक्षण संवर्धन के लिए पिछले तीन वर्षों से निराहार महाव्रत करने वाले अवधूत महायोगी समर्थ सदगुरू दादा गुरु निराहार निर्जला नर्मदा सेवा परिक्रमा कर रहे हैं जिनके साथ सैकड़ो की तादात में महिला एवं पुरुष यहां तक की नए युवक युवतियां भी परिक्रमवासी चल रहे हैं। पिपरिया के प्रवेश पर जय माता दी समिति के सदस्य संजू शर्मा छगन कुशवाहा एवं अन्य लोगों के साथ दादा भाई ने प्रवेश



किया नर्मदा परिक्रमा करने के बाद निर्जला रह रहे ने प्रेस वार्ता में बताया कि परिक्रमा उद्देश्य सहित नर्मदा सावित्री समस्त पवित्र नदियों के साथ-साथ मिट्टी पेड़ पहाड़ों या संपूर्ण प्रकृति के संरक्षण संवर्धन के लिए सामाजिक जागरूकता का उद्देश्य लेकर इस मिशन में लगे हुए हैं। इस दौरान नर्मदा मां के जयकारों के साथ प्रकृति प्रेमी नर्मदा के भक्तों और मीडिया को दादा के द्वारा आमंत्रित जय माता दी समिति के माध्यम से किया गया उन्होंने कहा कि हम किसी सरकार शासन या समाज पर कोई दबाव नहीं बना रहे हैं बल्कि हमारा मानना है कि बिना सामाजिक जागरुकता और सहयोग के कुछ भी संभव नहीं है इसलिए सामाजिक जागरूकता के साथ मानव का कर्तव्य की इस मिशन में सहयोग करें ताकि हमारी जीवनदायनी मां नर्मदा स्वच्छ निर्मल और प्रकृति दुरुस्त होने से बचे उन्होंने बताया कि अपना सर्वस्व दादा गुरु के द्वारा धर्मधारा धेनु मां नर्मदा प्रकृति संरक्षण संवर्धन में न्योछावर कर दिया है उन्होंने कहीं आश्रम नहीं बनाया नई कभी कोई संचय किया है अभी तो सतत नर्मदा पद पर गतिशील रहकर सेवा साधना और संरक्षण संवर्धन में अपना जीवन समर्पित किए हुए हैं। ज्ञान विज्ञान को चुनौती देते हुए पिछले तीन वर्षों से सिर्फ नर्मदा जल ग्रहण कर मां नर्मदा की जीवंत और सत्यता को देश दुनिया के सामने प्रकट कर चुके हैं।


## सीएमओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने गुरूवार को नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरिक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आसपास सफाई व्यवस्था के लिए अमले को निर्देशित किया है। सीएमओ शीतल भलावी ने बताया की आज निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र में बने मतदान केन्द्रों का निरिक्षण किया गया है। साथ ही कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि निर्वाचन में मतदाता को मतदान करने के दौरान किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने बताया की करीब तीन माह पूर्व विधानसभा चुनावों के वक्त नगर के सभी मतदान केन्द्रों की सफाई, पुताई, लाइट फिटिंग, नल फिटिंग, रैम्प, शौचालय मरम्मत के कार्य कराये थे। बावजूद इसके इन तीन माह में जो भी टूटफूट हुई होगी उसको दुरुस्त कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी, मुख्य लिपिक संजय गोयल, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, अर्पित कटियार, प्रदीप गौर, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### दादा गुरु आज पधारेंगे सोहागपुर और शोभापुर



**सोहागपुर।** विगत 40 माह से निराहार वायु पर मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे समर्थ श्री दादागुरु आज दोपहर शोभापुर पहुंचेंगे। जहां पर उनका स्वागत सत्कार किया जायेगा तो वहीं शाम 4 बजे सोहागपुर में प्रवेश करेंगे। उक्त परिक्रमा सेवा यात्रा सोहागपुर मुख्य मार्ग से होती हुई देनवा मैरिज गार्डन, रेलवे स्टेशन रोड सोहागपुर में पहुंचेगी। शाम 6.30 बजे श्री दादागुरु के धर्म संवाद , मां नर्मदा की आरती एवं प्रसादी का आयोजन होगा । अभय खंडेलवाल ने बताया कि रात्रि विश्राम महराज श्री का सोहागपुर में ही होगा । महाराज श्री के दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है ।

### राजीव जायसवाल बने भाजपा जिला सहसंयोजक



पिपरिया। आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक संगठन के पदाधिकारी नियुक्ति का कार्य लगातार किया जा रहा है। किसी भी तरह से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव जीतना चाहती है। लिए उन्होंने विदिशा से रामनिवास को संयोजक तथा पिपरिया से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल को सहसंयोजक नियुक्त किया है उन्हें चुनाव संचालन की जवाबदारी सोप गई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा नारायण कुशवाहा रणवीर सिंह रावत जय किशन चौधरी सहित लोकसभा प्रत्याशी ब्रजकिशोर पटेल एवं अन्य प्रदेश के पदाधिकारी एवं जिला संगठन के पदाधिकारी की अनुशंसा पर राजीव जायसवाल की नियुक्ति की गई है। इन लोगों के द्वारा लगातार प्रत्याशी के साथ-साथ अलग से भी डर किया जा रहे हैं मतदाताओं का उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

## बीएसएनएल की सेवा नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

बीएसएनएल की सेवाएं अपनी अव्यवस्था के चलते चर्चा में रहती हैं , हर कभी नेटवर्क ना मिलना , कॉल डिस्कनेक्ट होना इत्यादि समस्याएं बीएसएनएल के साथ आम बात है लेकिन कल सोहगापुर, पिपरिया और शोभापुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल के उपभोक्ता करीब 20 घंटे तक सेवाएं प्रभावित होने से काफी परेशान रहे । उपभोक्ता अनिल पटेल ने बताया कि शोभापुर में कल रात लगभग 9:30 से बीएसएनएल की सभी सेवाएं ठप्प है जिसमें टू जी , थ्री जी और ना ही वाई फाई काम कर रहा था जिससे उनके सहित काफी उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी है । उपभोक्ता श्री पटेल ने बताया कि आज की इस इंटरनेट की दुनिया में अपना व्यवसाय, बैंकिंग इत्यादि काम कैसे सुचारू रूप से करे जबकि इतने अधिक समय तक मोबाइल नेटवर्क/इंटरनेट बंद हो। मधु पटेल ने बताया कि उनके द्वारा संपर्क करने पर पता चला कि सोहागपुर और इटारसी के अधीनस्थ लोगो को भी पता नहीं है कि नेटवर्क/इंटरनेट कब आएगा। खबर लिखे जने के दौरान सोहागपुर बीएसएनएल ऑफिस के अटेंडर द्वारका प्रसाद ने बताया कि करीब 5 बजे के आसपास सेवाएं प्रारंभ कर दी गई हैं । उन्होंने बताया कि पिपरिया और शोभापुर के बीच लाइन कटी हुई थी जिससे उक्त समस्या निर्मित हुई है ।

## सफल निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लोक सभा निर्वाचन हेतु मतदान के दलों के दो पाली में सेंट पैट्रिक स्कूल में प्रक्षिक्षण कार्यक्रम खा गया। उक्त कार्यक्रम में 330 मतदान कर्मियों ने भाग लिया । प्रशिक्षण स्थल पर जनपद पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल एवं नायब तहसीलदार अंजू राजपूत नायब तहसीलदार पूनम सिंह , निर्वाचन शाखा से अमित मिश्रा बीआरसी राकेश रघुवंशी , बीईओ चौधरी उपस्थिति रहे ।

मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र वर्मा , चंद्रकांत पालीवाल , रामकिशोर दुबे आदि मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण द्वारा शपथ



दिलाई गई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म , वर्ग , जाति , समुदाय , भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग स्वयं भी करेंगे और अन्य नागरिकों को भी मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करेंगे इस हेतु हम अपना नाम इसी विधानसभा के निर्वाचक नामावली में शामिल करा चुके हैं । इस दौरान मार्गदर्शन हेतु एसडीएम बृजेंद्र रावत तहसीलदार अलका एक्का भी मौजूद रहे ।

## पत्नी की मृत्यु के बाद मिला जीवन ज्योति बीमा का क्लेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



समीपस्थ ग्राम मारा गांव निवासी गीता बाई केवट पत्नी मुन्नालाल केवट ने जनधन योजना अंतर्गत सेमरी हरचंद की सांगाखेड़ा रोड स्थित कियोस्क शाखा में अपना जनधन खाता खुलवाया था कियोस्क संचालक धनीराम कुशवाहा द्वारा गीता बाई का जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत फॉर्म भर दिया गया था। 18 नवंबर 2023 को बीमारी के चलते गीताबाई की मृत्यु हो गई भारतीय स्टेट बैंक की कियोस्क शाखा के संचालक धनीराम कुशवाहा के प्रयासों से भारतीय स्टेट बैंक की सेमरीहरचंद शाखा में गीता बाई केवट के पति को बैंक ले जाकर जीवन ज्योति बीमा योजना के मृत्यु दावा किय गया संपूर्ण कार्रवाई के पश्चात भारतीय स्टेट बैंक सेमरी हरचंद के शाखा प्रबंधक रमाकांत पटेल ने गीताबाई के पति मुन्ना लाल केवट को संग खेड़ा रोड स्थित कियोस्क शाखा में आकर 200000 का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर अमृत का गीता बाई केवट के पति लाभार्थी मुन्नालाल केवट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक रमाकांत पटेल एवं कियोस्क शाखा संचालक धनीराम कुशवाहा उपस्थित थे।

### निजी कंपनी ने कृषि उपज मंडी में किसानों को दी सलाह

# खेतों में नरवाई न जलाने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

एक निजी प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा ग्राम पंचायत रामपुर में संचालित की जा रही है। कृषि उपज मंडी में जाकर किसानों से अपील की गई है कि फसल काटने के बाद फसल की जो अपशिष्ट बचती है इस नरवाई कहते हैं। जिससे जानवरों के लिए गोवंश आदि के लिए भूसा तैयार किया जाता है पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि किसान भाई फसल काटने के बाद खेत जल्दी तैयार करने के उद्देश्य से खेत में आग लगा देते जिसके कारण भूमि का




तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है परिणाम स्वरुप भूमि में उपस्थित लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं जिसके कारण कई प्रकार की हानियों का सामना करना पड़ता है। नरवाई का उपयोग कंपोस्ट खाद बनाने में कर सकते हैं उसको खेत में मिलाकर मिट्टी की भौतिक दशा को सुधारा जा सकता है जिससे मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ेगी मृदा में उपस्थित लाभदायक सूक्ष्म जीवों को भोज पदार्थ उपलब्ध होगा इससे जमीन की उर्वरक शक्ति बढ़ेगी अच्छी फसल प्राप्त होगी खेत में जैव विविधता बनी रहती है जमीन में उपस्थित लाभदायक रूप में जीव मित्र कीट शत्रु कीटों को खाकर नष्ट कर देते हैं जमीन में पदार्थ की मात्रा बढ़ जाती है जिससे फसल उत्पादन ज्यादा होता है। उसके लिए भोजन तैयार होता है गोवंश के भजन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दलहनी फसलों के अवशेषों को जमीन में मिलने से नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ जाती जिससे फसल उत्पादन बढ़ता है किसानों द्वारा नरवाई जलाने की बजाय गोवंश का भूसा बनाकर रखने की व्यवस्था भी की जा सकती है नरवाई को जलाने से कई प्रकार के नुकसान भी हैं। इसलिए उन्होंने यह अपील की है जिसमें बृजेंद्र रघुवंशी गुलाब सिंह बैंकर हेमंत रघुवंशी एवं अन्य ग्रामवासी शामिल है।

## 165 लोगों ने जमा किए हथियार, सौ लोग अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

चुनाव आचार संहिता लगने के बाद पुलिस के पास लायसेंसी हथियार जमा करना अनिवार्य होता है। इन दिनों थाने में लायसेंसी हथियार जमा किये जा रहे हैं। अब तक करीब 165 हथियार जमा किये जा चुके हैं और करीब सौ हथियार आना शेष है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार शहर में लगभग 265 लायसेंसी हथियार धारक हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद सभी को अपने हथियार पुलिस के पास जमा करने को कहा गया है, अब तक करीब 165 हथियार जमा हो चुके और सौ आना बाकी है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आगामी दो दिनों में ये भी जमा हो जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाएगा और उनके मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

### स्थैतिक निगरानी दल करेगा सघन जांच

**बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या मित्तल द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के सुचारू संचालन एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों द्वारा किये जाने वाले निर्वाचन व्यय से संबंधित निगरानी हेतु स्थैतिक निगरानी दलों का गठन किया गया है। यह स्थैतिक निगरानी दल मुख्य मार्गों, जिले एवं राज्य की सीमाओं पर जांच चौकी बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में सख्त जांच करेंगे एवं संपूर्ण गतिविधियों की वीडियोग्राफी करते हुए आवश्यक कार्यवाही भी करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र-179 नेपानगर अंतर्गत असीरगढ़ थाना निम्बोला, जैनाबाद एवं निकटवर्ती समस्त क्षेत्र थाना शाहपुर, ग्राम शेखापुर थाना खकनार क्षेत्र, ग्राम बाकड़ी थाना नेपानगर तथा ग्राम दवाटिया (कमलखेडा फाटा) वहीं विधानसभा क्षेत्र-180 बुरहानपुर अंतर्गत लोनी आरटीओ बैरियर थाना लालबाग, अंतुर्ली एवं नाचनखेड़ा बादखेडा फाटा शाहपुर तथा भोटा फाटा ईच्छापुर थाना शाहपुर पर कड़ी निगरानी के साथ जांच की जायेंगी।

### 19 वर्षीय युवक हुआ लापता जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खेड़ी पुरा में रहने वाला 19 वर्षीय युवक बुधवार से लापता है। परिजनों ने थाने आकर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, खेड़ीपुरा मस्जिद के पास रहने वाला इलियास मंसूरी का बेटा नासिर उर्फ ब्लू उम्र करीब 19 साल बुधवार को रोजा छोड़ने के बाद अपनी मां से खाना लगाने का कहकर गया। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। देर रात तक परिजनों ने उसकी तलाश की। सुबह तक नहीं मिलने के बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाने आकर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि लापता युवक ने अपना मोबाइल भी घर ही छोड़कर गया है। पुलिस ने युवक की तलाश के लिए चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### लगातार तीन दिन बंद रहेगी मंडी

**हरदा।** जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में किसान अपनी फसलों को बेचने के लिए लगातार आ रहे हैं, लेकिन होलिका उत्सव के चलते शनिवार, रविवार एवं सोमवार को खरीदी नहीं होगी। चौथे शनिवार, रविवार एवं होली की छुट्टियों के चलते मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की हैं कि वह अपने अनाज को बेचने के लिए मंडी न लेकर आए। मंडी के प्रभारी सचिव मोहन सिंह चौहान ने बताया कि 23 मार्च को चौथा शनिवार, 24 मार्च को रविवार एवं 25 मार्च को होली का अवकाश होने के कारण मंडी में 3 दिनों की छुट्टी रहेगी। इन तीन दिनों में नीलामी का काम पूरी तरह से बंद रहेगा।

### होली मिलन समारोह 25 को

**हरदा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा कमलेश पाटीदार ने बताया कि आईटीआई हरदा के पास स्थित मैदान में होलिका दहन कार्यक्रम 24 मार्च को रात्रि में तथा होली मिलन समारोह 25 मार्च को सुबह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी व मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

---

### एसडीएम को शिकायत करने पहुंचे चैनपुरा के रहवासी

# गरीबों के हक पर डाका डाल रहा है राशन संचालक!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

सरकार की ओर से गरीबों को खाद्यान्न वितरण किया जाता है,ताकि वो अपना गुजर-बसर अच्छे से कर सकें लेकिन इस खाद्यान्न वितरण में भी धांधली की जा रही है ऐसा ही एक मामला सामने आया है बड़वाह तहसील के काटकूट क्षेत्र के ग्राम चैनपुरा में दुकान संचालक द्वारा गरीब परिवारों के राशन वितरण में धांधली किये जाने का आरोप ग्रामवासी ने लगाया हैसाथ ही खाध्य विभाग के जिम्मेदारो पर भी घोटाले में शामिल होने की आशंका जताई हैगुरुवार को आक्रोशित ग्रामवासियों का दल बड़वाह एसडीएम कार्यालय पर पहुंचा थोएसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि राशन संचालक द्वारा गरीबो के राशन में धोकाधड़ी की जा रही हैदूकान संचालक आईडी में अपनी मची से ऑफलाइन दर्शा कर राशन निकाल रहा हैजिम्मेदारो को यह जानने की फुर्सत ही नहीं की उनकी खाद्य वितरण व्यवस्था कैसी चल रही हैविगत दिनों भी शिकायत की गई थी,लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नही हुओएसडीएम ने तुरंत ही खाध्य अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान को दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें मोके पर पहुंच कर जांच करने के निर्देश दिऐरहवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि चैनपुरा में शासकीय उचित मूल्य की दूकान है,जिसका राशन का कार्य वन विभाग सुरक्षा समिति के तहत अखिलेश सोलंकी द्वारा किया जाता हैयहा माह जनवरी 2024 का राशन वितरण हो चूका हैलेकिन गाँव में किसी को राशन नही मिला हैलेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर ऑफलाइन तरीके से राशन का वितरण होना बताया जा रहा हैखाध्य विभाग की लापरवाही के चलते भारी मात्रा में राशन का घोटाला किया जा रहा हैग्रामवासियों द्वारा खाध्य विभाग को कई बात अवगत कराया गया है,परन्तु उचित कार्यवाही नही की जा रही हैइस दौरान राधे परिहार,चेतन मंडलोई,दिनेश,जगदीश,रमेश,दीपक सहित ग्रामवासी मोजूद थे

#### प्रतिमाह राशन के लिए हो रहे परेशान

ग्रामवासी राधे परिहार ने बताया कि गांव में करीब 150 परिवार निवासरत हैजिन्हें प्रतिमाह राशन के लिए परेशान किया जा रहा हैइसकी शिकायत एसडीएम महोदय को भी पिछले दिनों की थी,लेकिन अभी तक वही स्थिति बनी हुई हैप्रतिमाह समय पर राशन उपलब्ध नही होता हैजनवरी माह का तो ग्रामवासी को राशन ही नही दिया गया हैइसके कारण रहवासी परेशान हैग्रामवासियों ने घोटाले की जांच करके उचित कार्यवाही करने की मांग की है

#### प्रतिमाह देते हैं राशन

शासकीय उचित मूल्य की राशन दूकान संचालक अखिलेश सोलंकी ने कहा कि ग्रामवासियों को प्रतिमाह राशन उपलब्ध करवाया जा रहा हैयदि कम मात्रा में राशन प्राप्त नही होता है तो उन्हें राशन उपलब्ध होते ही वितरण किया जाता है

#### जांच करेंगे

शुक्रवार मोके पर पहुंच कर जांच की जाएगी। यदि कुछ कमी मिली तो कार्यवाही करेंगे।

वीरेंद्र सिंह चौहान, खाद्य अधिकारी

---

### जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से निर्वाचन संपन्न कराने के लिए निर्देश जारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले में चौथे चरण अंतर्गत मतदान 13 मई को संपन्न होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या मित्तल ने जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से मतदान संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मित्तल ने निर्देशित किया है कि, विशेष अभियान चलाकर आपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध शस्त्रों, मदिरा का परिवहन आदि पाये जाने पर वाहनों को परिबद्ध करें। निर्वाचन के दौरान लारियों, हल्के वाहनों तथा अन्य सभी वाहनों की सम्पूर्ण जांच पडताल कर, सख्त चौकसी रखी जाये। यह चेकिंग मतगणना कार्य पूरा होने तथा परिणाम की घोषणा होने तक जारी रखी जाये। इस प्रकार के अपराधियों के वाहन जब्त कर मतदान कार्य पूरा होने तथा परिणामों की घोषणा होने की अवधि तक रखा जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि, जिले में लंबित वारंट/चालानों की स्थिति में सुधार लाने, विधानसभा क्षेत्र-179 नेपानगर व विधानसभा क्षेत्र-180 बुरहानपुर में सशस्त्र अनुज्ञप्तिओं तथा गोला बारूद की दुकानों की जांच करना सुनिश्चित करें। विशेष अभियान चलाकर अवैध हथियारों की खोज में जांच पड़ताल करे, अवैध शराब की बिक्री करने वाले क्षेत्रों/स्थानों में अभियान चलाकर कार्यवाही करने सहित निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई की जाए।

---

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र में भीषण आग फर्नीचर पूरी तरह से जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा जिले में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एक शाखा में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है, जिससे बैंक में रखे गए कंप्यूटर, महत्वपूर्ण दस्तावेज और फर्नीचर जलकर पूरी तरह से खाक हो गए हैं। इस घटना ने न केवल बैंकिंग सेवाओं को प्रभावित किया है बल्कि ग्राहकों की वित्तीय जानकारी और संपत्ति के सुरक्षा के प्रति भी गंभीर चिंता जताई जा रही है।

आग की सूचना मिलते ही, तत्काल फायर ब्रिगेड की टीमें और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर फाइटिंग ऑपरेशंस की तत्परता से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बैंक के भीतरी हिस्से में काफी नुकसान हो चुका था। इस घटना के कारणों की जांच में जुटी विभागीय टीमों का मानना है कि यह आग एक दुर्घटनावश हो सकती है, हालांकि असली कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।

इस भीषण आगजनी की घटना ने बैंक की शाखाओं में आग सुरक्षा उपायों और सिस्टम की पर्याप्तता पर भी सवाल उठाए हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि वे आग सुरक्षा उपायों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

बैंक ने अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा बैंक में रखी गई जानकारी और संपत्ति सुरक्षित हैं। बैंक ने यह भी बताया है कि वे डिजिटल बैकअप और अन्य सुरक्षा प्रणालियों के माध्यम से ग्राहकों की जानकारी को सुरक्षित रखते हैं, और इस घटना का ग्राहकों की वित्तीय स्थिति पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस आगजनी की घटना के बाद, बैंक प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन ने बैंक के अंदर और बाहर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के साथ-साथ आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को अधिक कारगर करने को कहा हैं ।

---

### कारोबारी ने कर्ज नहीं चुकाया तो बैंक ने फर्जीवाड़ा कर बेच दी थी बंधक प्रॉपर्टी

## बैंक ऑफ इंडिया के दो अफसर समेत 7 पर प्रकरण के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



कर्ज रिकवरी के मामले में बैंक ने जिस कारोबारी की बंधक प्रॉपर्टी बेच दी थी। उस मामले में खंडवा कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए बैंक के दो अफसरों समेत 7 लोगों पर धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए है। बताने वाली बात यह है कि प्रॉपर्टी का वैल्यू मूल्यांकन करने वाले पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य, प्रोफेसर व शहर के नामी ठेकेदार को आरोपी बनाया जाएगा। दरअसल, खंडवा के व्यापारी वीरेंद्र अग्रवाल ने बैंक ऑफ इंडिया से वेयरहाउस बनाने और व्यापार करने के लिए करीब चार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। इसके एवज में एक अन्य वेयरहाउस और एक मकान को बंधक रखा था। वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन जैनी अधिवक्ता मनोज तंवर ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अग्रवाल कर्ज चुकाने की व्यवस्था में लगे ही थे कि बैंक के अफसर ने गबन कर राजू भाटिया उर्फ वीर सिंह को खरीददार भी बना लिया। इस संपत्ति को कम वैल्यू आंकलन कर इन सात लोगों ने सारे दस्तावेज कलेक्टर, जिला पंजीयक और अन्य जगह दे दिए। बाद में यह सब दस्तावेज फर्जी साबित हुए और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहन डाबर ने फैसला सुनाते हुए बैंक के दो अधिकारी अभिनीत तिवारी और तत्कालीन ब्रांच मैनेजर राहुल तिवारी के अलावा खरीददार जनरल वीरसिंह उर्फ राजू भाटिया के अलावा बैंक के वैल्यूअर इंजीनियर अश्विन बाहेती और प्रमाण पत्र देने वाले पॉलिटेक्निक के प्राचार्य अपूर्व साकल्ले, ड्रॉप्समेन बीडी सनखेरे के अलावा नगर निगम के ठेकेदार दीपेश राठौर पर कई धाराओं में मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। वेल्युअर, वैल्यू में 4 करोड़ का अंतर अधिवक्ता रंजन जैनी ने बताया कि कलेक्टर कोर्ट ने जिस संपत्ति की वैल्यू 6 करोड़ 15 लाख रुपए बताई थी। इस बैंक ने सिर्फ डेढ़ करोड़ रुपए में धोखाधड़ी कर सांठगांठ के तहत बेच दिया। सारे कागज और दस्तावेज भी बड़े अधिकारियों और ठेकेदारों से बनवा लिए। जो कि अदालत में फर्जी साबित हुए हैं।

इसमें बड़ी भूमिका बैंक के मूल्याकक अश्विन बाहेती की भी है। उन्होंने बैंक में बंधक कारोबारी वीरेंद्र अग्रवाल की प्रॉपर्टी की वैल्यू वर्ष 2013 में 3 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक और गाइड लाइन 2 करोड़ 95 लाख बताई गई थी। इसी वैल्यूअर ने 2021 में इसी संपत्ति की गाइडलाइन एक करोड़ 43 लाख रुपए बता दी। जबकि 8 साल में किसी भी संपत्ति की कीमत बढ़ना स्वाभाविक है। ना कि कीमतें घटती है।

---

### शांति समिति की बैठक में कलेक्टर सिंह ने की अपील...

## सभी अपने-अपने त्यौहार परंपरागत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खण्डवा



आगामी होली-धुलेंडी, रंग पंचमी, ईद-उल-फितर, राम नवमी आदि त्यौहार परम्परागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के संबंध में गुरूवार को कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने शांति समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने त्यौहार भाईचारे, सौहार्द एवं परम्परागत रूप से शांति पूर्वक मनाएं। कलेक्टर सिंह ने सभी से अपील की कि निर्वाचन कार्य को ध्यान में रखते हुए अपने अपने त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था रहें। साथ ही उन्होंने अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि होली त्यौहार के दौरान केमिकल रंगों का प्रयोग न करते हुए साधारण देशी रंग का प्रयोग करें, जिससे अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सके। बैठक में उन्होंने कहा कि जो भी व्यवस्थाएं की जाती रही है उनको और बेहतर बनाने के लिए समिति के सुझावों पर कार्य किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक मनोज राय द्वारा कहा गया कि परम्परागत तरीके से आपसी समन्वय बनाकर एवं नियमानुसार त्यौहार मनाएं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करने के लिए शहर में जगह जगह चैकिंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि त्यौहार पर किसी प्रकार की अफवाहें न फैलाएं, यदि आपके संज्ञान में कुछ आता है तो तत्काल उसकी सूचना दें, कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर द्वय के.आर. बड़ोले, अरविंद चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह तारणेकर, एसडीएम बजरंग बहादूर एवं शांति समिति के सदस्य तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

---

### सड़क हादसे में घायल युवक ने रस्ते में तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कमताड़ा में काम कर गांव बाइक से लौट रहे मजदूर को सोनपुरा के पास तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। हादसा उस समय हुआ जब बाइक चालक मजदूर खड़े ट्रैक्टर के साइड से निकल रहा था, तभी सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया लेकर गए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि रामटेक निवासी राजेश पिता परसराम कोरकू क्षेत्र के कमताड़ा में खेत में काम करता था। वह मंगलवार रात को मजदूरी करके बाइक से अपने गांव रामटेक लौट रहा था, तभी सोनपुरा के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की साइड से निकलते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे राजेश गंभीर घायल हो गया। लोगों ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन राजेश ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक राजेश के परिजनों ने बताया कि राजेश का एक पांच साल का बेटा और उससे छोटी तीन बेटियां हैं। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### 4 अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने 4 अलग-अलग मामलों में फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये 10-10 हजार रूपये की घोषणा की है। उन्होने थाना सिराली के अपराध क्रमांक 77/24 धारा 457 व 380, थाना छीपाबड़ के अपराध क्रमांक 105/24 धारा 379 भादवि, थाना हरदा के अपराध क्रमांक 175/24 धारा 379 तथा अपराध क्रमांक 174/24 धारा 379 में फरार अज्ञात आरोपियों की गिफ्तारी के लिये प्रत्येक प्रकरण में 10-10 हजार रूपये के इनाम की उद्घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगा, जो आरोपियों की गिरफ्तारी करेगा अथवा सूचना देगा।

### होली के रंग, लोकतंत्र के संग-मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत शासकीय महाविद्यालय नेपानगर की छात्रा जानवी चौहान ने मतदाता जागरूकता हेतु प्रेरक संदेश दिया। छात्रा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि, जिस प्रकार हम होली का त्यौहार हर्षो-उल्लास के साथ मनाते है, उसी प्रकार हमें यह लोकतंत्र का पर्व भी मनाना है। मतदान दिवस 13 मई, 2024 को हमें लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है एवं मतदान करने अवश्य जाना है। इस बार मतदान में हमें हमारी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन जागरूकता गतिविधियां निर्धारित स्वीप कैलेंडर अनुसार संचालित की जा रही हैं।

---

### 1200 किमी की पैदल यात्रा कर पहुंचेंगे कुंडलपुर

## अक्षयसागर महाराज का ससंघ नगर में आज मंगल प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

दीपावली पर्व की पूर्णता के साथ ही दिगम्बर मुनिराजों का चातुर्मास काल भी पूर्ण हो जाता है। वर्षायोग की समाप्ति के साथ ही मुनि संघ धर्म प्रभावना हेतु देश के विभिन्न स्थानों पर पद विहार करते हुए अपनी धर्म देशना एवम दर्शन, ज्ञान चारित्र रूपी रत्नत्रय के माध्यम से मनुष्य जीवों को आत्मशांति, स्व पर कल्याण व जैन संस्कृति की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि हाल ही में समाधिस्थ दिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री अक्षयसागर महाराज ससंघ का खण्डवा में मंगल प्रवेश शुक्रवार को प्रातः 8 बजे मानसिंग मिल चौराहे से होगा। पूज्य मुनि संघ महाराष्ट्र के मुम्बई में अपना चातुर्मास पूर्ण कर सिध्दक्षेत्र कुंडलपुर के लिए विहार कर रहे हैं। मुम्बई से चलकर औरंगाबाद, सिल्लोड, भुसावल, रावेर, बुरहानपुर में धर्म प्रभावना करते हुए मुनि संघ खण्डवा पहुंचेंगे।

उल्लेखनीय है कि आगामी 16 अप्रेल को सिध्दक्षेत्र कुंडलपुर में भव्य आचार्य पद पदारोहण समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें आचार्य विद्यासागर की समाधि उपरांत संघ के वरिष्ठ मुनिराज समयसागर को आचार्य पद से सुशोभित किया जाएगा, जिसमे लगभग 400 मुनिराज उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुनि सेवा ट्रस्ट के अविनाश जैन सराफा, महेश जैन, प्रवीण जैन पिंकू, अर्पित बादशाह, अर्चित जैन, पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन भटयांण, धर्मोदय ट्रस्ट बोरगांव के सतीश काला, प्रदीप कासलीवाल उपस्थित थे। गुरुवार को आहारचर्या ग्राम रुस्तमपुर में सम्पन्न हुई एवं रात्रि विश्राम ग्राम पांजरिया में हुआ।

---

### उपार्जन कार्य का दायित्व सौंपा

**हरदा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन नीति में कृषक उत्पादक संगठन/कंपनी को उपार्जन कार्य करेंगी। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि कार्यालय में प्राप्त 8 कृषक उत्पादक कंपनी के आवेदन प्राप्त हुये थे। जिनका जिला उपार्जन समिति के सदस्यों द्वारा अवलोकन करने पर 3 कृषक उत्पादक कंपनी क्रमशः एम्ब्रोसिया सीड प्रोड्यूसर कंपनी लिमि, एरोस सीड एंड बायोटेक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमि. एवं एग्रीनिको फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमि. का विगत वर्ष 1करोड़ रू से अधिक का टर्नओवर एवं उपार्जन नीति के प्रावधान अनुसार पूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराये गये। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में इन 3 कृषक उत्पादक कंपनियों को रबी विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जन कार्य सौंपे जाने का अनुमोदन किया गया है।

### उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम करें: कलेक्टर

## टिमरनी वेयर हाउस के शाखा प्रबंधक व सहायक गुणवत्ता नियंत्रक अटैच, निलंबन की कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट में जिला उपार्जन समिति के सदस्यों की बैठक ली। बैठक में उन्होने निर्देश दिये कि गेहूं व चने के लिये बनाये गये सभी उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों की सुविधा के लिये पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ बैठने के लिये शेड व टेंट के साथ-साथ कुर्सियों की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि सभी उपार्जन केन्द्रों पर पंखा, छन्ना, नमी मापक यंत्र, ग्रेडिंग मशीन जैसे सभी आवश्यक उपकरण रखना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने उपार्जन प्रक्रिया के दौरान जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश भी दिये।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मध्यप्रदेश वेयर हाउस कार्पोरेशन के जिला प्रबन्धक को निर्देश दिये कि टिमरनी क्षेत्र के शाखा प्रबन्धक व सहायक गुणवत्ता नियंत्रक रोहित पटेल की संदिग्ध गतिविधियों और कार्य में लापरवाही को ध्यान में रखते हुए आज ही उन्हें जिला कार्यालय में अटैच किया जाए। साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने श्री पटेल को निलंबित करने की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश भी दिये।